<u>अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में नौसेना दिवस मनाया गया</u>

आज 4 दिसंबर 2024 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता तथा प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में नौसेना दिवस मनाया गया। देश में भारतीय नौसेना की उपलब्धियां और भूमिका को पहचानने के लिए हर साल 4 दिसंबर को भारत में नौसेना दिवस मनाया जाता है। 4 दिसंबर 1971 को ऑपरेशन ट्राइडेंट के दौरान भारतीय नौसेना ने पीएनएस खैबर सहित चार पाकिस्तानी जहाज को डुबो दिया था। जिसमें सैकड़ो पाकिस्तान नौसेना के जवान मारे गए। भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को याद करते हुए नौसेना दिवस मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर एनसीसी कैडेटस द्वारा युद्ध पोत पोस्टर बनाकर व नौसेना के इतिहास और पराक्रम को भाषण के मध्य से रखकर अपनी भावनाएं व्यक्त की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कैडेट कीर्ति, कैडेट अंजलि, कैडेट मीनाक्षी, कैडेट राजकुमारी, कैडेट खुशी , कैडेट गौरव ने भाग लिया । वही भाषण प्रतियोगिता में कैडेट मोनिका, कैडेट कोमल, कैडेट खुशी, कैडेट भविष्ने अपनी सहभागिता दर्ज की। प्रतियोगिता का आयोजन एनसीसी अधिकारी की देखरेख में हुआ। इस आयोजन हेतु अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार गुप्ता ने व एनसीसी नेवल इकाई के अधिकारी कैप्टन विक्रम ने महाविद्यालय अधिकारी को व समस्त कैडेट्स को शुभकामनाएं दी।